हरिभूमि
# कटनी भूमि
3
जबलपुर, बुधवार 26 मार्च 2025
login : www.haribhoomi.com



## ग्राम पंचायत पिपरिया शुक्ल का मामला, सीईओ ने ग्रामीणों से लिया कथन

# बाढ़ आपदा राहत और मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की अधिकारियों ने फिर की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरियापान

पिपरिया शुक्ल ग्राम रोजगार सहायक अजय कोरी के द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से रुपये वसूलने और मनरेगा योजना में जमकर अनियमितता का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जीआरएस की सेवा समाप्ति के बाद मंगलवार को एक बार फिर से मामला सामने आया। ढीमरखेड़ा जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी, सहायक यंत्री अजय केशरवानी, एडीईओ अजिताब सिंह पिपरिया शुक्ल मामले की जांच करने पहुँचे तो बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट हो गए। अधिकारियों ने दर्जनों ग्रामीणों के बयान दर्ज किए हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम रोजगार सहायक ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से रुपये वसूले जिनके घर बाढ़ में प्रभावित नहीं हुए, रुपये लेकर उन्हें भी आपदा का लाभ दिलाया। मनरेगा योजना में भी परिचित और रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी हाजिरी भरकर उनसे भी रुपये ऐंठे। जीआरएस के करीबी उदयभान कोरी, अशोक कोरी और जम्मन कोरी ने अधिकारियों को ग्रामीणों के सामने



बयान न देकर जीआरएस द्वारा लिखे कथन को सौंपा। जांच के दौरान अधिकारियों ने कथन और पंचनामा कार्रवाई किया है। दरअसल ग्राम रोजगार सहायक अजय कोरी ने बाढ़ आपदा राहत कार्य और मनरेगा योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया है।

### अधिकारियों को ग्रामीणों ने बताया कि किस तरह से लिये गए पैसे

दिव्यांग अरुण कुर्मी ने जांच में पहुँचे अधिकारियों को लिखित बयान देकर पूरी पोल खोल दी। दिव्यांग ने अधिकारियों को बताया कि मैंने मनरेगा योजना में के तहत काम नहीं किया, फिर भी मनरेगा का मेरे खाते में एक हजार रुपये आया। ग्राम रोजगार सहायक अजय कोरी मेरे पास आया बोला तुम्हारे खाते में हजार रुपये डाला हु। बाइक से बैंक लेकर गया एक हजार रुपये निकलवाया। मुझे 2 सौ रुपये और खुद 8 सौ रुपये ले लिया और किसी को बताने से मना भी किया।

सुमित्रा पिता राजू पटेल ने अधिकारियों को कथन में बताया कि घर पहुँचे जीआरएस अजय कोरी ने कहा बाढ़ में तुम्हारा ज्यादा नुकसान नहीं है। 10-15 हजार रुपये मुआवजा बनेगा। अगर 5 हजार रुपये दे दोगे तो 35-40 हजार रुपये का मुआवजा मिल जाएगा।यह कहकर जीआरएस ने अपने भाई के खाते में 5 हजार रुपये ऑनलाइन डलवा लिया।

मुकेश पिता बालमुकुंद पटेल ने लिखित बयान में बताया कि 24 जुलाई 24 को गांव में बाढ़ आई। राहत राशि के सर्वे का कार्य हो रहा था। जीआरएस अजय कोरी मेरे घर आया और बोला कि तुम्हारा नाम सूची में नहीं है। मुआवजा की राशि चाहिए तो 2 हजार रुपये दो, सूची में जुड़ जाएगा। जिसके बाद उसने अजय कोरी के खाते में ऑनलाइन 2 हजार रुपये डालें।

जांच में खुलासा होने के बाद जीआरएस के खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई की गई।

### इनका कहना है

इस संबंध में जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी का कहना है कि मामले की जांच के लिए जिले से आदेश जारी हुआ है। जांच के दौरान ग्रामीणों से कथन लिए गए हैं। जांच पूरी होने पर कार्रवाई का प्रतिवेदन अधिकारियों को भेजा जाएगा।

# ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति को कुचला, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

तेज रफ्तार से भाग रहे एक ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति को करीब 10 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इस हादसे पति व पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। यह भीषण हादसा बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मझगवां तिराहे पर मंगलवार दोपहर को हुआ। हादसा कारित करने के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि पति का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। ट्रक की रफ्तार और टक्कर की तीव्रता देखकर आसपास के लोग दहल उठे। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बड़वारा की ओर से आ रहे बाइक सवार दंपति को कटनी से बड़वारा की ओर जा रहे ट्रक ने मझगवां तिराहे के पास जोरदार टक्कर मारी। बाइक में टक्कर मारने के बाद ट्रक ने दोनों को सड़क पर करीब 10 मीटर तक घसीटते हुए ले गया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के



अनुसार मृतक पुरुष की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष और महिला की उम्र करीब 45 से 50 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पहचान की कार्यवाही शुरू कर दी है।

हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को घटनास्थल पर छोड़कर भाग निकला था। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है और आरोपी चालक को भी दबोच लिया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई है और प्रशासन से इस मार्ग पर यातायात नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### पंचगव्य के निर्माण एवं उपयोग का दिया तकनीकी प्रशिक्षण

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पंचगव्य बनाने के लिए देसी गाय का गोबर 5 किलोग्राम, गोमूत्र 3 लीटर, दूध 2 लीटर, दही 2 लीटर, घी 500 ग्राम, गुड़ 500 ग्राम एवं 12 पके हुए केले को एक प्लास्टिक के ड्रम में 18 दिन तक रखकर दिन में दो बार डंडे सेहिलाते हैं। इसके तीन प्रतिशत घोल से बीज एवं जड़ तथा कंद उपचार फल पेड़ एवं पौधों तथा फसल पर छिड़काव बीज भंडारण एवं सिंचाई पानी के साथ खेत में प्रवाहित करके फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए उपयोग करते हैं। इसे खाद बीमारियों से रोकथाम कीटनाशक के रूप में एवं वृद्धि कारक उत्प्रेरक के रूप में उपयोग कर सकते हैं । इसे एक बार बनाकर 6 माह तक उपयोग कर सकते हैं। पंचगव्य के उपयोग से भूमि में सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि भूमि की उर्वरा शक्ति में सुधार फसल उत्पादन एवं उसकी गुणवत्ता में वृद्धि भूमि में हवा एवं नमी को बनाए रखना फसल में कीट एवं रोग का प्रभाव कम करना तथा सरल एवं सस्ती तकनीक आदि के पंचगव्य से फायदे हैं।

### बकाया बिजली बिल जमा नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई



**कटनी।** बिजली का बकाया बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग अब कुर्की की कार्यवाही कर रहा है। गत दिवस बकाया राशि की वसूली हेतु विशेष टीम के द्वारा बचेया वितरण केंद्र के ग्राम उदयपुरा एवं सोमाकुर्द में बड़े बकायेदार के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की गई 1 जिसमें ग्राम उदयपुरा के याकूब खान के कृषि पंप कनेक्शन पर बकाया राशि 23190 रुपए होने पर उनका दो पहिया वाहन टीवीएस स्पोर्ट्स MP 21ZA7698 बाइक जप्त किया गया। आगे की कार्यवाही कंपनी के नियमानुसार की जावेगी जिसमें तीन दिवस के अंदर बकाया राशि जमा नहीं होने पर बाइक की नीलामी की जावेगी । इसी प्रकार सोमा खुर्द के बकायदार उपभोक्ताओं के द्वारा एक दिवस का समय मांगा गया । उपभोक्ता की बकाया राशि जमा नहीं होती है तो उनकी कुर्की की कार्यवाही की जावेगी । कुर्की कार्यवाही में उपसंभाग की टीम एवं वितरण केंद्र की टीम सामूहिक रूप से कार्य कर रहे थे।

### मां कर्मा जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**कटनी।** साहू समाज ने अपनी आराध्य देवी मां कर्मा की जयंती मंगलवार को धूमधाम से मनाई। गाटर घाट क्षेत्र स्थित साहू धर्मशाला में मां कर्मा की विशेष पूजा अर्चना की। नगर साहू समाज की ओर से धर्मशाला परिसर में हवन पूजन का आयोजन किया गया। इसके बाद भंडारा हुआ। इसमें साहू समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। शाम को महिला मंडल की ओर से रामायण पाठ और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में नगर साहू समाज के अध्यक्ष लखन साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

*शांतिपूर्ण रूप से हुआ 12वीं कक्षा के गणित विषय का पेपर*

# 77 केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में 1675 विद्यार्थी हुए शामिल, 11 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की गणित विषय की परीक्षा जिले के 77 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हुई। मंगलवार 25 मार्च को आयोजित समाजशास्त्र विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 1686 परीक्षार्थियों में से 1675 परीक्षार्थियों परीक्षा के दौरान उपस्थित रहें। वहीं 11 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

हायर सेकेन्ड्री की मंगलवार को आयोजित परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा सीएम राइज स्कूल कटनी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौंध, शासकीय कन्या



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुलुआ बडखेरा का निरीक्षण किया गया। वहीं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 25 के गणित प्रश्न पत्र में सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के निरीक्षण दल ने परीक्षा केंद्रों झिन्ना पिपरिया, माडल ढीमरखेड़ा, कन्या उमरियापान, उत्कृष्ट उमरियापान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों मे परीक्षाओं का संचालन मंडल के निर्देशानुसार होना पाया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात था। परीक्षा केन्द्रों में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के फल स्वरूप बाह्य भीड़ एवं असामाजिक तत्वों की भीड नही दिखाई दी।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। वहीं परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्न पत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केंद्रों तक ले जाने व परीक्षा केंद्र में मोबाइल एप के माध्यम से किए जाने वाले कार्य की मॉनिटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को भेजने के निर्देश दिए गए।

## शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने चला बुल्डोजर



ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के ठिर्री गांव में मंगलवार को प्रशासन ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किया है। ठिर्री गांव के सुशील दुबे के द्वारा शासकीय भूमि में अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। शिकायत के बाद ढीमरखेड़ा तहसीलदार आशीष अग्रवाल ने बेदखली आदेश जारी कर अतिक्रमण हटाने टीम बनाई ।जिसके बाद ढीमरखेड़ा राजस्व निरीक्षक के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस अमले ने जेसीबी मशीन चलवाकर अतिक्रमण हटाया है। कार्रवाई में राजस्व निरीक्षक मोहनलाल साहू, अनिल सोनी,पटवारी मनीष दाहिया,दान सिंह प्रधान, हरि प्रसाद यादव,कविता गौटिया,निहारिका पांडेय सहित पुलिस कर्मियों की उपस्थिति रही।

## आवास योजना सर्वे कार्य में उदासीनता बरतने पर जिला सीईओ ने की कार्रवाई

# पदीय दायित्वों में घोर लापरवाही बरतने पर भैंसवाही सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने पदीय दायित्वों में घोर लापरवाही बरतने के कारण ग्राम पंचायत भैंसवाही की सचिव माया दुबे को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के प्रस्ताव द्वारा श्रीमती दुबे को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत ग्राम पंचायत भैंसवाही में सर्वेयर नियुक्त किया था। श्रीमती दुबे द्वारा ग्राम पंचायत भैंसवाही में सर्वे के दौरान हितग्राहियों के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस 2.0 में जोड़े जाने के निर्देश दिये थे परन्तु सर्वे कार्य में शासन की मंशानुसार सर्वे कार्य नहीं किया गया।

सर्वे कार्य की प्रगति कम होने के कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत विजयराघवढ़ ने 5 फरवरी 2025 एवं 4 मार्च 2025 को श्रीमती दुबे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया था परन्तु श्रीमती दुबे की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं आया।

श्रीमती दुबे द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता, पदीय दायित्वों के विपरीत, वरिष्ठ अधिकारियों की आदेशों की अवहेलना के साथ-साथ मध्य-प्रदेश पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम 3 के तहत कदाचरण की श्रेणी में आने के कारण श्रीमती दुबे को मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4 में वर्णित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्रीमती दुबे का मुख्यालय जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ नियत किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्रीमती दुबे को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। शिशिर गेमावत ने निलंबन आदेश जारी करते हुए कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

*जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का किया जा रहा निराकरण*

# भैंसवाही ग्राम में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। जिले में लोक सुनवाई सह जनसंवाद का कार्यक्रम जारी है।ज़िले मे अगली लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम बुधवार 26 मार्च को शाम 4 बजे से विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत भैंसवाही में होगा'। जहां कलेक्टर श्री यादव स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होंगें। जिले के अलग-अलग दूरस्थ स्थानों में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे। कलेक्टर ने सभी के लिए दिन, तिथि और समय घोषित कर दिया है।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री यादव सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री यादव ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी जारी किया है।

बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

बुधवार 26 मार्च को विजयराघवगढ़ के भैसवाही में, गुरुवार 3 अप्रैल को ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में, बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

## बहोरीबंद महाविद्यालय में पोस्टर एवं बैच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को किया गया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में पर्यावरण मंत्रालय के निर्देश अनुसार तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन के प्रयोजन से गठित ईको क्लब के माध्यम से पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2024-25 का आयोजन सोमवार को किया गया।

प्राचार्य इंद्र कुमार के संरक्षण और कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर पूनम यादव के निर्देशन में सोमवार को पर्यावरण हितैषी जीवन शैली विषय पर पोस्टर, बैच निर्माण प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा बहोरीबंद, प्राचार्य इंद्र कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया साथ





ही पर्यावरण कोसंरक्षित करने हेतु शपथ दिलाई। जिसमें महाविद्यालय इको क्लब के सदस्य, विद्यार्थी, समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता के पश्चात प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य इंद्र कुमार , थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा एवं क्रीड़ा अधिकारी विवेक चौबे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शायना खान बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान शिवानी साहू बीएससी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान अंचल गर्ग बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। बैच निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवम रजक बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान शायना खान बीएससी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान वर्षा राजपूत बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट कैप एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया तथा साथ ही वे विद्यार्थी जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दी उन्हें भी सर्टिफिकेट एवं कैप वितरित कर सभी को स्वल्पाहार कराया गया तथा कार्यक्रम का समापन मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में सकोरा लगाकर किया गया जिससे पक्षियों को पानी पीने की सुविधा हो सके। प्राचार्य ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पैराक्वाट एवं ग्लाइफोसेट के उपयोग के हैं कई दुष्परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि ग्रीष्मकालीन मूंग फसल पर पैराक्वाट एवं ग्लाइफोसेट (सफाया) का उपयोग न करें तथा कम से कम पेस्टीसाइडस का छिडकाव करें। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि ग्लाइफोसेट एक शाकनाशी है। साधारण तौर पर इसका उपयोग सकरी एव चौड़ी पत्तियों वाले पौधों को मारने के लिए किया जाता है। यह देखा गया है कि ज्यादातर कृषक ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की कटाई हारवेस्टर द्वारा कराते हैं तथा हारवेस्टर से कटाने के लिए फसल को जल्द सुखाया जा सके इसके लिए पैराक्वाट एवं ग्लाइफोसेट का अंधाधुंध उपयोग करते है। इससे मानव ही नहीं बल्कि अन्य जीवों जैसे पशु-पक्षियों, मछलियों आदि के तंत्रिका तंत्र की संरचना और उनकी कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचाता है।

ग्लाइफोसेट पौधों की वृद्धि के लिए आवश्यक अमीनो एसिड के उत्पादन को अवरूद्ध करके उन्हें नष्ट कर देता है। ग्लाइफोसेट मिट्टी और पानी में मौजूद रह सकता है और यह कृषि के लिए लाभदायक कुछ सूक्ष्मजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसके उपयोग से पाचन, श्वसन, तंत्रिका तंत्र संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। इसके साथ ही यह आंखों के लिए नुकसानदायक है। इसके संपर्क में आने से आंख, त्वचा, नाक एवं गले में जलन और अस्थमा हो सकता हैं। यदि उसे निगल लिया जाए तो गले मे जलन, दर्द, मितली हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### एमएलबी स्कूल में परीक्षाओं लिया जायजा

**दमोह।** नायब तहसीलदार हटा शिवराम चढ़ार और मानसी अग्रवाल ने आज हटा के एमएलबी स्कूल में परीक्षाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में व्यवस्थाएं देखी जहां शान्तिपूर्ण परीक्षा होते मिली, अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर केंद्राध्यक्ष और प्रभारियों से चर्चा भी की।

### स्टेशन चौराहा का स्व प्रेरणा से किया गया रंग रोगन

**दमोह।** स्वच्छता अभियान 2025 के अंतर्गत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में हरीश पटेल और ओम शिव शक्ति फिल्म्स इंटरनेशनल की टीम ने मिलकर दमोह का स्टेशन चौराहा रंग रोगन किया। इस दौरान मनोज गुप्ता, देवेश चौबे, मोहित ठक्कर, किशन ठाकुर, राहुल टंडन, दीपक दुबे सहित अन्य साथियों ने सहभागिता निभाई। हरीश पटेल ने बताया स्टेशन चौराहे का रंग रोगन किया गया। अब इस पर नई पेंटिंग बनेगी और यह चौराहा भी अलग दिखेगा, इस पर जो पुरानी पेंटिंग थी वह कई जगह से खराब हो चुकी थी इसलिए इस पर अब नई पेंटिंग बनेगी। उन्होंने आमजनों से आग्रह करते हुए कहा यहां कचरा ना करें, आगे से चौराहे को अपना घर आंगन जैसा समझकर इसका ध्यान रखें, इस चौराहे पर किसी को भी पोस्टर और बैनर ना लगाने दें और लोगों को भी कचरा ना करने के लिए कहे।

### विद्यालय द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है तो सूचना दें

**दमोह।** दमोह नगर के मध्य स्थित शास. म.ल.बा. कन्या उ. मा. विद्यालय दमोह में जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग दमोह के संयुक्त तत्वाधान में 27 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 तक पॉच दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेला 2025 का आयोजन किया जायेगा। मेले में दमोह जिले के समस्त निजी विद्यालयों की कक्षा नर्सरी से 12वीं तक एनसीआरटी/एससीआरटी एवं राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल द्वारा प्रकाशित समस्त कक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। साथ ही इसी मेले में निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगी दर पर स्टेशनरी एवं गणवेश क्रय की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। निजी विद्यालय जिला समिति दमोह द्वारा किसी भी निजी विद्यालय को एनसीआरटी/एससीआरटी एवं राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य किसी भी निजी प्रकाशकों की पुस्तकों को लागू करने की अनुमति नहीं दी गयी है। यदि किसी निजी विद्यालय द्वारा नियमों एवं निर्देशों का उल्लंघन करते हेए निजी प्रकाशकों की पुस्तकों की अनुशंसा कर विद्यार्थियों/अभिभावकों/पालकों को क्रय करने हेतु बाध्य किया जाता है तो संबंधित विद्यालय दण्डात्मक कार्यवाही के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे। विद्यार्थियों/ अभिभावकों/ पालकों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी विद्यालय द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है तो इसकी सूचना दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812-350300 पर अवश्य दीजिए। मेले में सभी विद्यार्थियों/ अभिभावकों/ पालकों को शामिल होकर अपनी पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश क्रय करने हेतु स्कूल शिक्षा विभाग दमोह सादर आग्रह किया गया है।

तैलिक बंधुओं ने भरी हुंकार, मां कर्मा की जय-जयकार: सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समाज के प्रतिभावान छात्रायें पुरस्कृत

# भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1009 वीं जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की 1009वीं रनेह मे 12वीं जयंती हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश दरबार में मां कर्मा की पूजा अर्चना पुजारी सुजान कुसमया जी ने की। इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो मंदिर मस्जिद चौराहा, आसमानी माता, चण्डी जी मंदिर, वृंदावन बिहारी जू की शाला एवं नया बाजार से बस स्टैण्ड होते हुए कौशलाधीश दरबार पहुंची। शोभायात्रा में सबसे आगे डी.जे. पर नाचते गाते युवक युवतियां इसके बाद मां कर्मा की झांकी, फिर बैण्ड बाजों की टोली के साथ ही भारी संख्या में समाज के महिला और पुरूष चल रहे थे। शोभायात्रा में चल रही मां कर्मा देवी की जगह-जगह पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा में अनेक जगह जलपान, फल फूल की व्यवस्था शोभायात्रा में रही। कौशलाधीश मंदिर में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पं विनय शुक्ला कौशलाधीश मंदिर महंत, रूपनारायण तिवारी, डॉ आर के मिश्रा, सत्येंद्र साहू राष्ट्रीय संयोजक सामाजिक जनगणना भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा, कमलेश साहू प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश तैलिक साहू समाज, अभिनव साहू सूबेदार यातायात प्रभारी दमोह, चंदन सिंह निरंजन थाना प्रभारी रनेह, हरिशंकर साहू प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय तैलिक साहू महासभा, गुड्डा साहू दमोह, नितिन साहू पत्रकार गढ़ाकोटा, रितेश साहू दमोह, सौरभ साहू दमोह, पन्नालाल साहू हटा, नरेश साहू हिंडोरिया, गुड्डा भाटिया हटा, कमलेश नायक हटा के साथ ही अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां कर्मा की सामूहिक रूप से आरती की। तत्पचात मंचासीन अतिथियों का स्वागत साहू समाज द्वारा किया गया। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही समाज की प्रतिभावान छात्राओं अभिषेक साहू पिता राकेश साहू कक्षा 12वीं में 86.8% अंक एवं रश्मि साहू कक्षा 10वीं में 82.4% अंक पाने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

डॉ आर के मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि वासना इंसान को हैवान बना देती है और साधना पत्थर में भी भगवान दिखा देती है। भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की भक्ति से प्रसन्न हो भगवान ने उनके हाथ से खिचड़ी खाई।

थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने मां कर्मा के आराध्य श्री कृष्ण ने भी कर्म की प्रधानता को महत्व दिया है अतः अगर हम सभी जिस जगह और जिस रिश्ते में हैं जो भी हमारा कर्तव्य है उसे पूरी ईमानदारी निष्ठा और योग्यता से निभाए केवल इतना ही योगदान देकर हम अपनी समाज में अच्छी जगह बना सकते है।

कमलेश साहू प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश तैलिक साहू समाज ने आराध्य देवी मां कर्मा को नमन कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना कर बच्चों को उत्साहित किया। साथ ही कहा कि प्रतिभाओं को मंच देना अगर किसी को सीखना है तो वह रनेह साहू समाज के इस मंच से सीखे। शिक्षा और संस्कार में शक्ति होती है आप भी ये वादा करें कि भले दो रोटी कम खायेंगे पर अपने बच्चे को जरूर पढ़ाएंगे। संगठन की शक्ति सबसे अधिक शक्तिशाली होती है। श्री साहू ने समाज को जागृत करने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि मेरी दिली इच्छा है कि जो ये कल के भविष्य मेरे सामने बैठे है समाज के इन्हीं लोगों में से ही भविष्य में अपने क्षेत्र के बच्चों को विभिन्न पदों जैसे कलेक्टर, डॉक्टर, आई ए एस, आईपीएस, थाना प्रभारी के रूप में देखना चाहूंगा। यदि ऐसा होता है तो मेरी रनेह आने की लगातार हर वर्ष की कामना पूर्ण होगी।

सत्येंद्र साहू राष्ट्रीय संयोजक सामाजिक जनगणना भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा ने कहा कि इस गांव के प्रेम ने हमे आजीवन अतिथि बना लिया है साहू समाज आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जातीय जनगणना का काम लगातार जारी है। मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड द्वारा लगातार प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में नई और आधुनिक मशीनों से काम शुरू भी किया जा चुका है। व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित करके आपको भी बोर्ड से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा जिससे सामाजिक बंधुओ का आर्थिक विकास होगा। युवा बेरोजगारी को कम करने के भी प्रयास किये जा रहे हैं। लोन और सब्सिडी के माध्यम से व्यवसाय को बढ़ावा दिया जाएगा। साहू समाज एक नई दिशा की ओर जा रही है कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई परेशानी आए तो मुझसे संपर्क करें मैं हर समय समाज के साथ संघर्ष के लिए तैयार हूं।

हरिशंकर साहू प्रदेश अध्यक्ष ने रनेह साहू समाज के गरिमामई कार्यक्रम की सराहना की साथ ही लगातार 12 वर्ष से एक ही व्यक्ति श्याम नायक की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित होने समाज की एकजुटता का जो परिचय मिल रहा है वह सराहनीय है।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में मंचासीन अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह और श्रीफल से किया गया। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गजेन्द्र साहू द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन रनेह साहू समाज अध्यक्ष श्याम नायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने समस्त साहू समाज के साथ ही नयागांव, सकौर, निमरमुण्डा, रमपुरा, पिपरिया, भैंसा, बंधा, सटवा, के सामाजिक बंधुओं की सराहनीय उपस्थिति रही। संपूर्ण शोभा यात्रा के दौरान चंदन सिंह निरंजन थाना प्रभारी रनेह हमराही स्टाफ के साथ उपस्थित रहे।

## 249 आवेदनों पर हुई सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 249 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 40 आधार कार्ड अपडेशन एवं 143 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही विशेष जनसुवाई के तहत छात्रवृत्ति के संबंध में 07 आवेदन प्राप्त हुये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज जनसनुवाई में लगभग 18-19 महिलाएं आई थी, उनका कहना था की पिछले 15 दिनों से इमलाई सहित अन्य दो गांव में पानी लगातार नहीं आ रहा है। कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत और जल निगम के अधिकारियों को आज अपरान्ह 4 बजे वहाँ भिजवाया है। जो मुख्य समस्या निकल कर आ रही है वो पानी की प्रॉब्लम नहीं है, जो बताया जा रहा है वह यह है कि वहां वॉल्व ऑपरेटर को मानदेय नहीं मिल रहा है, इस कारण से वह ढंग से वॉल्व को ऑपरेट नहीं कर रहा है, पानी की कोई समस्या वहां पर नहीं है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा दोनों अधिकारियों को वहां भेजा है और कहा है की आज इसको किसी हालत में सॉर्ट आउट किया जाये। यदि मानदेय का कोई इश्यू हो तो उसका निराकरण किया जाये, या कनेक्शन का कोई इश्यू है तो उसका निराकरण किया जाये। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत एवं लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटैल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**दमोह।** किण्डर गार्डन के छात्रों की औपचारिक शिक्षा में प्रवेश की बेला को स्मरणीय बनाते हुए टाईम्स पब्लिक स्कूल में किण्डर गार्डन के छात्रों का ग्रेजुएषन डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संचालिका महोदया श्रीमति सुनीता गुप्ता के द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इसके उपरांत शाला की संचालिका महोदया,प्राचार्य अजय मिश्रा एवं वरिष्ठ शिक्षक जार्ज माइकल सर के द्वारा छात्रों को ग्रेजुएषन प्रमाण पत्र और केप पहनाकर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही कक्षा 1 से 6 तक के विद्यार्थी जिन्होने कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित किया एवं 90 प्रतिषत अंको से अधिक उत्तीर्ण हुए है उन्हें संस्था की ओर से 50 प्रतिशत फीस में छूट दी जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका महोदय ने कहा कि नन्हे-मुन्ने छात्रों को गतिविधियों के माध्यम से उनकी शिक्षा को सुचारु रुप से करना आवष्यक है क्योंकि खेल के माध्यम सेही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर छात्रों के साथआए उनके अभिभावक मौजूद रहे। छात्रों की इस ग्रेजुएशन डे पर अभिभावक बहुत उत्साहित नजर आए। उसी उत्साह के साथ छात्र के अभिभावक विजय कुमार पटैल के द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होने कहा कि टाइम्स संस्था एक ऐसी संस्था है जो शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षो से लगातार कार्यकर रही है। कार्यक्रम के अंत में शाला के प्राचार्य ने कहा कि बच्चे जो कुछ भी करना चाहते है उन्हे स्वतंत्रता पूर्वक करने की अनुमति दें। उनकी पसंद व उनकी कामयाबी का आप भी आनंद ले। साथ ही नन्हे-मुन्ने बच्चों के उज्वल भविश्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा।

## धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती



**हिंडोरिया।** नगर में मां कर्मा बाई की जयंती साहू समाज के द्वारा धूम धाम से मनाई गई। गाजे बजे के साथ भव्य शौभायात्रा निकली गई जिसमें समाज के छोटे, बड़े युवा, महिलाओं सभी ने भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ नन्नी माता



प्रांगण से हुआ। समाज के लोगों ने मंदिर प्रांगण में एकत्रित होकर धार्मिक अनुष्ठान पूजा अर्चना की। इसके बाद भव्य शौभायात्रा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मे भगवान की सजीव झांकी एवं भक्त शिरोमणि कर्मा बाई स्वरूप में बनी बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। नगर में शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में सबसे आगे दो अश्व रोही इसके बाद घोड़ा गाड़ी में सजी झांकी एवम् नृत्य करते उत्साही युवा चल रहे थे। नगर के थाना मोहल्ला, बस स्टैंड, मदर छल्ला, टकरास मोहल्ला, खइया मोहल्ला से होती हुई यात्रा मुख्य बाजार क्षेत्र पहुंची जहां लोगों द्वारा आतिशबाजी की गई। शाम को नन्नी माता प्रांगन पर कार्यक्रम किया गया । जिसमें अनेक वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभा शाली छात्र छात्राओं को पुष्कर देकर सम्मानत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद् अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह द्वारा की गई, उक्त अवसर पर साहू समाज अध्यक्ष प्रेम नारायण साहू, सन्तोष साहू, राजेन्द्र साहू, संजय साहू, अशोक साहू, दिलीप साहू, नरेंद्र साहू,हरिराम साहू, लक्ष्मण साहू, रामप्रसाद साहू,विनोद साहू,अरविंद साहू सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे कार्यकम के बाद महा भंडारा किया गया।

## ग्रामसभा में अवैध शराब निर्माण व बिक्री के विरोध का प्रस्ताव पारित



**बनवार।** जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत विजय सागर में ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर अवैध शराब बिक्री पूर्णता बंद करने का प्रस्ताव पारित किया गया है और पुलिस थाने जबेरा में ज्ञापन देते हुए गांव में पूर्ण शराबबंदी के फैसले पर अमल करवाने के लिए। जबेरा थाना प्रभारी से सहयोग की अपेक्षा की जिस पर थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने ग्रामीणों के शराबबंदी के फैसले का स्वागत करते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया है। ग्राम की सरपंच धर्मेश यादव ने बताया आज ग्राम पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा गांव में पूर्ण शराबबंदी का प्रस्ताव पारित हुआ है। सर्वसम्मति से ग्राम वासियों के द्वारा गांव में शराब बिक्री पर रोक लगाई गई है। उपसरपंच भूपत सिंह ने बताया ग्राम वासियों के सामूहिक निर्णय लिया गया कि गांव में न कोई शराब बचेगा औरना ही निर्माण करेगा और ग्राम पंचायत कैसे फैसला का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ ग्राम पंचायत के द्वारा जुर्माना किया जाएगा। यदि इसके बाद भी नहीं माने तो पुलिस के हवाले करके कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्राम सभा पूर्ण शराबबंदी के फैसले का भगवती मानव कल्याण संगठन संभागीय अध्यक्ष एवं जंप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह ने स्वागत करता हूं ग्राम वासियों की पहल प्रशंसा की है। इस दौरान ग्राम के पंच ग्राम वासियों की बड़ी संख्या में उपस्थित है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का पूर्ण आवासीय शिविर का समापन



**तेंदूखेड़ा।** अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना का पूर्ण आवासीय शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने सात दिवसीय शिविर के अनुभव साझा किए एवं भविष्य में समाज सेवक के रूप में कार्य करने का निर्णय लिया सभी स्वयंसेवी छात्र छात्राओं को एनएसएस कैंप के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सात दिवसीय शिविर में महिला इकाई की कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती रिचा लोधी एवं श्रीमती रूबी दुबे रही। सहायक के रूप में आकाश ठाकुर एवं पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सुरेश डोडवे में एवं पर्वेंद्र चक्रवर्ती सहायक के नेतृत्व में रहे। इस दौरान आईटीआई के प्राचार्य एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर, श्रीमती दीपिका, राजेंद्र सर, डॉ. अरुणेंद्र कुमार पटेल, डॉ. संध्या स्थापक, मेघसिंह वर्मा, डॉ. मनीषा कुमारी, भागीरथ अहिरवार उपस्थित रहे।

## रुद्राक्ष और भस्म धारण करने से संपूर्ण पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय श्री देव जानकी रमण जी बंदा बहू मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि रुद्राक्ष और भस्म का बहुत ही बड़ा महत्व है। एक बार लोग राम नाम कहते हुए एक शव लेकर जा रहे थे तब शिवजी ने उनको देखा और कहा कि ये मेरे प्रभु का नाम लेकर शव लेकर जा रहे हैं तब शिवजी श्मशान पहुंचे और जब सब लोग चले गए तो महादेव ने श्रीराम का स्मरण किया । उस चिता की भस्म को अपने शरीर पर धारण कर लिया। इसी तरह एक अन्य कथा के अनुसार जब सती की मृत्यु के बाद शिव तांडव कर रहे थे तब श्रीहरि ने अपने सुदर्शन चक्र से सती की मृत देह को भस्म कर दिया था। तब भगवान शिव देवी सती के वियोग का दर्द सहन नहीं कर सके और उन्होंने उसी समय सती की भस्म को अपने तन पर लगा लिया। श्री शास्त्री ने रुद्राक्ष का महत्व बताते हुए कहा कि रूद्राक्ष की माला को साफ करें धूल या गंदगी को इनके छिद्रों में जमा न होने दें सफाई के बाद पवित्र पानी से मोती धो लें इससे यह सुनिश्चित होता है कि रुद्राक्ष स्वच्छ और पवित्र है। एक मुखी रुद्राक्ष भगवान शिव का स्वरूप है जहां इसकी पूजा होती है, वहां से माता लक्ष्मी दूर नहीं जातीं यानी जो इस रुद्राक्ष को धारण करता है। वह कभी गरीब नहीं होता दो मुख वाला रुद्राक्ष देव देवेश्वर कहा गया है यह सभी इच्छाएं पूरी करता है तीन मुख वाला रुद्राक्ष सफलता दिलाने वाला होता है। विद्या प्राप्ति के लिए भी यह रुद्राक्ष बहुत विशेष है। चार मुख वाला रुद्राक्ष ब्रह्मा का स्वरूप है उसके दर्शन तथा स्पर्श से धर्म अर्थ काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। पांच मुख वाला रुद्राक्ष कालाग्नि रुद्र स्वरूप है इसको पहनने से अद्भुत मानसिक शक्ति का विकास होता है। छः मुख वाला रुद्राक्ष भगवान कार्तिकेय का स्वरूप है जो भी इस रुद्राक्ष को पहनता है उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं सात मुख वाला रुद्राक्ष अनंग नाम से प्रसिद्ध है। इसे धारण करने वाला गरीब भी राजा बन जाता है। आठ मुख वाला रुद्राक्ष अष्टमूर्तिभैरवस्वरूप है जो भी ये रुद्राक्ष पहनता है उसकी आयु बढ़ जाती है नौ मुख वाला रुद्राक्ष भैरव व कपिलमुनि का प्रतीक है। इसे पहनने से गुस्से पर नियंत्रण व ज्ञान की प्राप्ति होती है दस मुख वाला रुद्राक्ष भगवान विष्णु का रूप है इसे धारण करने वाले मनुष्य की संपूर्ण इच्छाएं पूरी हो जाती हैं।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में छात्र का चयन

**बनवार।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सरोज कान्वेंट स्कूल जबेरा के छात्र वीर प्रताप सिंह मरकाम ने चयनित होकर अपने विद्यालय और



माता-पिता का मान बढ़ाया है। उन्होंने प्रवेश परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए और नवोदय विद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया। इस अवसर पर, विद्यालय की संचालक केशव मिश्रा और शिक्षिकाओं ने वीर प्रताप सिंह मरकाम को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। यह एक गर्व का पल है न केवल वीर प्रताप सिंह मरकाम के लिए, बल्कि उनके परिवार और विद्यालय के लिए भी।

## केंद्रीय प्रमुख सचिव का हुआ दमोह आगमन



**दमोह।** जिले के ग्राम सिमरी जालम सिंह में जिला स्तरीय चालीसा पाठ का भव्य समापन हुआ जिसमें पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम से भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रमुख सचिव आशीष शुक्ला जी का आगमन हुआ। यह कार्यक्रम प्रहलाद सिंह शिक्षक की सुपुत्री रजनी के शुभ विवाह के अवसर पर संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में मां भक्तों की उपस्थिति रही। आशीष शुक्ला जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अनीति अधर्म भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई को और तेज करने की आवश्यकता है। दमोह जिले में संगठन के नशा मुक्ति के प्रयासों का ही प्रभाव है की आबकारी ठेकेदार दमोह जिले के ठेके लेने से कतरा रहे हैं दमोह जिले से नशा मुक्ति की वह चिंगारी उठ रही है जो आने वाले समय में पूरे मध्य प्रदेश को नशा मुक्त करेगी।

## हटा कृषि उपज मंडी पहुंचे नायब तहसीलदार



**दमोह।** हटा एस.डी.एम. राकेश मरकाम के निर्देश पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार एवं मानसी अग्रवाल और अमले के साथ हटा कृषि उपज मंडी पहुंचकर डाक व्यवस्था का जायजा लिया और किसानों से बुनियादी सुविधाओं के विषय में चर्चा की। कृषि उपज मंडी में कर्मचारियों और व्यापारियों से चर्चा की ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा और परेशानी न हो। उन्होंने कहा किसानों को हरसम्भव सुविधा हटा मंडी में देने हेतु अधिकारी प्रयासरत है और लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

## तहसील में पदस्थ कृष्ण कुमार तिवारी का निधन

**तेंदूखेड़ा।** नगर के तहसील कार्यालय में पदस्थ कृष्ण कुमार तिवारी (पिंटू बाबू) का 55 वर्ष की आयु में मंगलवार सुबह 5.30 बजे



बीमारी के चलते निधन हो गया। श्री तिवारी ने सहायक ग्रेड 03 तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा में अपनी सेवाएं तहसीलदार रीडर, कानूनगो, नायब नाजिर जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर 26 वर्ष की सेवाएं दी हैं। निवास पर तहसीलदार विवेक व्यास, नायब तहसीलदार चंद्रषेखर षिल्पी, आरआई करन सिंह ठाकुर, समस्त पटवारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजली दी। अंतिम संस्कार गृह नगर दमोह में दोपहर 01 बजे हृदयपुर मुक्तिधाम में किया गया। श्री तिवारी अपने पीछे पत्नि एवं एक बेटे को छोड़ गए हैं।

## खबर संक्षेप

### हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 10 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा 2025 के अंतर्गत मंगलवार को 12वीं का उच्च गणित विषय का प्रश्न पत्र आयोजित किया गया। जिले में परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 1303 दर्ज विद्यार्थियों में से 1293 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 10 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दौरान एक भी नकल प्रकरण नहीं बना।

### बोर्ड परीक्षायें समाप्त

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएं 25 फरवरी से प्रारंभ होकर 25 मार्च को समाप्त हो गई। परीक्षा के अंतिम दिन कक्षा 12वीं के उच्च गणित के प्रश्न पत्र के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने परीक्षा केंद्र डॉ. अग्रवाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्होरी माला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडाकला एवं सी.एम. राइज जबेरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालित संपन्न हुई।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही

**दमोह।** ज़िला दमोह अंतर्गत यातायात पुलिस दमोह द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देश पर निरीक्षक दलबीर सिंह एवं स्टाफ द्वारा नगर के सागर नाका पर सघन वाहन चैकिंग कर 30 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। उक्त 30 वाहनों पर कार्यवाही कर 9400 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। साथ ही कृषि उपज मंडी में 45 ट्रैक्टरों की ट्रालियों पर रात्रि में रिफ्लेक्शन के लिए रेडियम भी लगाए गए। एक वाहन का चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते पाए जाने पर वाहन को ज़ब्त कर प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा 10,000/- का जुर्माना लगाया गया।

### खरीद फरोख्त के चक्कर में तीन आरोपी पकड़े

# तीन देसी पिस्टल और कारतूस जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले में अवैध हथियारों की आवक जावक के साथ इनके उपयोग से होने वाले घटनाक्रम सुर्खियो में छाए रहते है। इन वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद भी इस बात का खुलासा नहीं हो पता कि आखिर यह हथियार इनके पास कहां से आए थे। वही जब कभी अवैध हथियारों के साथ बदमाश पकड़े जाते हैं तो कहां से हथियारों को खरीदा गया है या बनवाया गया है यह जानकारी पुलिस के रिकॉर्ड में ही दबकर रह जाती है ।

ऐसे ही कुछ हालातो के बीच ताजा मामला सागर नाका क्षेत्र में सामने आया है जहां चौकी प्रभारी के द्वारा देसी कट्टा कारतूस के साथ कुछ बदमाशों को पकड़े जाने की जानकारी पूर्ण रूपेण नही दी गई । यह बताना जरूरी नहीं समझ गया कि आखिर इन बदमाशों के पास यह हथियार कहां से आए तथा खरीद बिक्री करने वाले तत्व इनके जरिए क्या किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे या फिर यह कारोबार कब से संचालित कर रहे थे। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार देहात थाना की सागर नाका चौकी पुलिस द्वारा 4 नग देसी कट्टे, 3 जिंदा कारतूस 12 बोर के, नगद 2000 कुल कीमती करीबन 22300 की जब्ती की गई है। आरोपियों में राघवेंद्र रघघू सेन सरखड़ी, लखन आदिवासी देवरान, संदीप आदिवास मुहली हाल बांसा तारखेडा पकड़े गए हैं तीन अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। यह पूरी कार्रवाई एएसपी संदीप मिश्रा और सीएससी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में की गई है। जिसमे थाना प्रभारी देहात मनीष कुमार, चौकी प्रभारी सागर नाका नीतेश जैन, एएसआई अकरम खान, प्रधान आरक्षक प्रेमदास बैरागी, संजय पाठक, आलोक भारद्वाज, कामता, नीरज श्रीवास्तव, आरक्षक देवेंद्र, दीपचंद्र, शहवाज, गौरव, भोलाराम, कमल,दीपेश, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक सौरभ टंडन, और राकेश अठिया की विशेष भूमिका होना बताया जा रहा है।

## गौ कशी की संभावना वाले क्षेत्र में बुल्डोजर कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा लगातार पुलिस और प्रशासन मिल करके जहाँ.जहाँ इस तरह के अतिक्रमण हैं और चिन्हित हो रहे हैं खासतौर से गौ.कशी की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष रूप से चिंतित हैं और इन क्षेत्रों में जहाँ.जहाँ पर भी ऐसी संभावनाएं बनती हैं जहाँ पर गौ.कशी होती है और की जा सकती है उन क्षेत्रों में अतिक्रमण को जीरो टॉलरेंस रख रहे हैं। ऐसे अतिक्रमण तुरंत हटा रहे हैं उसी श्रृंखला में आज भी कार्रवाई की है और वहाँ से मलबा हटाया जा रहा है। वहाँ से घास और बड़े बड़े झाड़.झंखाड़ भी हटा रहे हैं ताकि इसकी आड़ में कोई इस तरह के कार्य ना कर सकें। उन्होंने कहा अब आगे कुछ दिनों में पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जायेगी ताकि कहीं पर भी इस तरह की घटनाएं दोबारा ना होने पायें। एसडीएम आरएलबागरी ने बताया पहले जो कार्रवाई चली थी वह लगातार चलती रहेंगी और उसी कार्रवाई का यह अगला टारगेट है। अतिक्रमण चिन्हित कर रहे है नगरपालिका भी चिन्हित कर रही है और वह क्रमश अतिक्रमण चिन्हित करने के बाद प्रक्रिया का पालन करने के बाद यह कार्रवाई की जाती है।

## हारट पुल से नीचे गिरी वृद्ध महिला की मौत

**हटा।** विगत सोमवार की रात्रि सुनार नदी पर बने हारट पुल से अचानक एक वृद्ध महिला के गिरने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर की रामगोपाल जी वार्ड निवासी 60 वर्षीय मुन्नी बाई पति रामकुमार पांडेय अपने बेटे अरविंद के साथ बाइक से सोमवार की रात्रि 8:15 बजे फतेहपुर जा रही थी जहां रास्ते में हारट पुल पर पूजन सामग्री विसर्जन करने के लिए रुकीं और पूजन सामग्री विसर्जन करते समय पुल से गिर गई। अपनी मां को नदी में गिरते देख अरविंद ने निकल रहे राहगीरों को बताया और तुरंत ही पुलिस व परिजनों को घटना की जानकारी दी जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास रह रहे गोताखोर जित्तू लोधी और जगदीश रैकवार को ट्यूब की मदद से नदी में उतारा और कड़ी मशक्कत के बाद महिला को नदी के पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक वृद्ध महिला की मौत हो चुकी थी। मौके पर एसआई राजाराम धुर्वे, प्रधान आरक्षक पवन पटेल, महेन्द्र रैकवार ने शव को सिविल अस्पताल भेजा।

## आंगनबाड़ी भवन निर्माण की हुई समीक्षा

**दमोह।** हटा अंतर्गत विकासखण्ड हटा एवं पटेरा के अप्रांरभ, निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों की प्रगति की समीक्षा एसडीएम राकेश सिंह मरकाम द्वारा की गई। बैठक में परियोजना अधिकारी शिव राय द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट में निर्माण ऐजेंसी संबधित ग्राम पंचायतों की लापरवाही पाये जाने पर एस.डी.एम. द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं ब्लाक वाईज एक-एक आंगनबाड़ी भवन की समीक्षा की गई। बैठक में एसडीएम हटा श्री मरकाम ने पटेरा, बम्हौरी, रेवझां, देवडोंगरा में अपूर्ण होने पर सहायक यंत्री जनपद पंचायत पटेरा आयुषी नामदेव को वूसली का प्रकरण तैयार कर एक सप्ताह में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार हटा के बरखेरा कलार, चौरईया, पाटन, कलकुआ, उदयपुरा में उपयंत्री जनपद पंचायत हटा को री इस्टीमेंट तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कुंवरपुर में वसूली का प्रकरण तैयार करने हेतु कहा गया।

## फतेहपुर में मनाई गई मां कर्मा देवी जयंती



**पटेरा।** पटेरा के ग्राम फतेहपुर में मां कर्मा देवी जयंती साहू समाज के द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाई गई जिसमें ग्राम वासी साहू समाज एवं आसपास के गांव कोटा, कुंडलपुर, नयागांव, बारी, मगरा पटेरा के साहू समाज के सभी लोगों शामिल हुए। माँ कर्मा जयंती पर माननीय विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल, भगवत पटेल संरपच विजय पटेल, हरिशंकर साहू प्रदेश अध्यक्ष ,पन्नालाल साहू, कमलेश नायक ,गुड्डा भाटिया, संतोष साहू ,रामकुमार साहू अध्यक्ष अरविंद साहू उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद कोषाध्यक्ष फतेहपुर की समस्त साहू समाज सम्मिलित हुई।

## सिमरीशुक्ल और रेवंझाकला में फसल कटाई और सर्वे कार्य जारी



**दमोह।** जिले के पटेरा ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में ओलावृष्टि के चौथे दिन भी राजस्व और कृषि अधिकारियों के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा संयुक्त सर्वे निरीक्षण और फसल कटाई कार्य जारी है। दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के नेतृत्व में आज सिमरीशुक्ल में किसान कमलारानी खसरा 130 का कटाई कार्य किया गया, इसी तरह रेवंझाकला गांव में भी फसल कटाई और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे आंकलन रिपोर्ट तैयार की गई ताकि ओला प्रभावित किसानों को समय से उचित मुआवजा और शासन की ओर से सहायता राशि दी जा सके। सर्वे कार्य के दौरान तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, तहसीलदार राजेश सोनी के साथ कृषि व राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती पर हुये विविध आयोजन....

# माँ कर्मा देवी जयंती पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की 1009वीं जयंती धूमधाम से मनाई गईं. सुबह 9बजे माँ कर्मा देवी की 1009 वीं जयंती पर साहू धर्मशाला बड़ापुल से पूजा अर्चना हवन किया गया. उसके बाद ढ़ोल धमाको ड़ी जे की धुन पर युवाओं और मातृशक्तिओं ने भक्तिभाव में झूमते गाते भव्य शोभायात्रा निकाली जो धगट चौराहा घंटाघर, बकोली, पुराने थाने, महाकाली चौराहा होते हुए बापिस साहू धर्मशाला बड़ेपुल पर पहुंची. शोभायात्रा का जगह स्वागत वैश्य महासंगठन ने कैलाश लाज पर, घंटाघर पर विशाल खटीक द्वारा, बकोली पर साईं मंदिर कमेटी ने, पुराना थाना, सिटी नल, महाकाली चौराहा एवं अशोक साहू परिवार की ओर से फल वितरण कर स्वागत किया गया. माँ कर्मा एवं श्री कृष्ण के स्वरूप बग्गी पर सवार होकर शोभायमान थे. घोड़े पर सवार तलवार लेकर बालिकाओं का प्रदर्शन हुआ.शोभायात्रा में पूर्व वित्त मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, राष्ट्रीय संयोजक जनगणना प्रकोष्ठ साहू समाज के सत्येंद्र साहू,, साहू समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष कमलेश साहू, जिलाध्यक्ष संतोष साहू गुड्डा साहू,नगर अध्यक्ष कल्पित साहू,रितेश साहू, विक्रम साहू, महेश साहू, गयाप्रसाद साहू, माखन साहू, अनमोल साहू,रामकुमार साहू रिंकेश साहू अनुराग साहू सौरभ साहू दिनेश साहू सजल साहू सुरेश साहू अभिषेक साहू धर्मेंद्र साहू लकी साहू नवल साहू अंशुल साहू रितेश साहू सोनू साहू कृष्णा साहू सहित हजारों स्वजातीय बन्धुओ ओर मातृशक्तिओ ने शहर भृमण किया.आयोजन समिति, एवं महिला मंडल ने ने सभी स्वजातीय बन्धुओ आ आभार माना सत्येंद्र साहू ने बताया कि माँ कर्मा की 1010वीं जयंती सम्पूर्ण जिले की ओर से भव्य जयंती मनाई जाएगी जिसमें पूरे जिले से साहू राठौर समाज की उपस्थिति रहेगी.समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये गए.कार्यक्रम के उपरांत माँ कर्मा देवी को भोग लगाकर खिचड़ी प्रसाद वितरण एवं भंडारा सम्पन्न हुआ।

## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव मनाने बैठक संपन्न



**हटा।** नगर में भगवान परशुराम जी की जयंती उत्सव भव्यता से मनाए जाने हेतु ब्राह्मण समाज द्वारा धर्मशाला में बैठक आहूत की गई जिसमें सभी प्रबुद्ध जनों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए। बैठक का शुभारंभ भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन कर कर मथुरा पटेरिया एवं शंकर लाल चौबे की अध्यक्षता में अध्यक्ष पंडित महेश पुरानी की उपस्थिति में की गई। बैठक में उपस्थित जनों द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा ब्राह्मण समाज की धर्मशाला से शाम 4 बजे नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी एवं सुबह 7 बजे से भगवान श्री परशुराम जी का हवन पूजन किया जाएगा वहीं महिला मंडल के द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। बैठक में राकेश चतुर्वेदी, राजीव मोहन पांडे, अतुल पन्या, रामकुमार पाराशर, अमिताभ चतुर्वेदी, मणिशंकर तिवारी, रामू उपाध्याय ने शोभायात्रा के संदर्भ में अपने अपने विचार रखे। संचालन श्रीकांत तिवारी एडवोकेट के द्वारा किया गया और आभार अध्यक्ष पंडित महेश पुरानी द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में नगर व क्षेत्र के विप्र बंधुओं की उपस्थिती रही।

# सुरक्षित मातृत्व शिविर का हुआ आयोजन



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रति माह 9 एवं 25 तारीख को प्रायोजित शिविर पूर्व माह में कलेक्टर महोदय के द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे निर्देशों पर अमल करते हुए हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके जैन एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक बरौनिया के निर्देशन में ePMSMA का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य पटेरा में किया गया जिसकी पूर्व तैयारियां पूर्ण से ही की गई एवं प्रत्येक हाई रिस्क वाली महिलाओं एवं पलायन वाली गर्भवती महिलाओं से सतत संपर्क बनाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में 25 मार्च 2025 को विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया शिविर में कुल 72 गर्भवती महिलाओं (45 हाईरिस्क महिलाओं एवं 27 सामान्य गर्भवती महिलाओं) की जांच डॉ नियति जैन के द्वारा की गई। शिविर में हाईरिस्क एवं सामान्य गर्भवती महिलाओं के प्रवेश हेतु अलग-अलग प्रवेश, बैठने, नाश्ता, पानी की समुचित व्यवस्था बनाई गई, नाश्ते में मल्टीग्रेन एवं सब्जियों से बनी खिचड़ी के साथ में 2 केले एवं पानी की बाटल दिया गया, सीएचसी में e-PMSMA शिविर के साइनेज, दिशा मानचित्र प्रदर्शित किए गए जिसे जिला स्तर से डॉक्टर राजेश नामदेव DHO-2 के द्वारा विजिट किया गया शिविर की व्यवस्था देखकर प्रसन्नता जाहिर की गई इस अवसर पर बी. पी. एम. अनिल कटारिया, बी. ई. ई. प्रमोद तंतुवाय, बी. सी. एम. ममता गुप्ता, इसके साथ ही एचआरपी पंजीयन हेतु आशा सहयोगी द्वारा किया गया एवं सभी से फोन के माध्यम से सम्पर्क बनाये रखा गया साथ ही सी. एच. ओ.जया चौरसिया, मीना सेन द्वारा जाँच मे सहयोग प्रदान किया गया व दीप माला सैनी द्वारा गर्भबती महिलाओं को सभी नियमित जाँच एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा पोषण आहार की जानकारी प्रदर्शनी के साथ परामर्श दिया गया सेन्ट्रल लैब पटेरा में अमित अहिरवार(L.T.), नितिका खरे, विकास तंतुवाय, शिव नामदेव द्वारा HRP महिलाओं की जाँच की गई. साथ ही समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा अंतरा फाउंडेशन से रवि यादव के द्वारा अपेक्षित सहयोग किया गया।

## कथा वाचक पं सुरेश तिवारी का इलाज के दौरान हुआ निधन

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा जनपद के छोटे से गांव बैलवाडा में जन्म लेकर पूरे प्रदेश में विख्यात सरस कथा वाचक के रूप में गौरव पाने वाले पंडित सुरेश तिवारी का 56 वर्ष की आयु में एक्सीडेंट में घायल हो जाने पर जबलपुर के एक निजी अस्पताल में मंगलवार सुबह 7 बजे निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही नगर में शोक व्याप्त हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम बैलवाड़ा में शाम 5 बजे किया गया। इस दौरान बडी संख्या में राजनेता, नगर के गणमान्य नागरिक एवं श्री तिवारी के षिष्यों ने पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजली दी। श्री तिवारी अपने पीछे 2 बेटा, पत्नि एवं 3 बेटियों को छोड़कर चले गए हैं। ज्ञात हो कि 14 मार्च को शाम 5.30 बजे अजीतपुर खमरिया से तेंदूखेड़ा आ रहे सुरेष तिवारी को अन्य मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल होने पर जबलपुर रिफर किया गया था। लेकिन मंगलवार की सुबह उन्होंनें अंतिम सांस ली।



## व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** नगर परिषद पटेरा द्वारा परिषद के अधीन 61 दुकानदारों का नियम विरुद्ध एका-एक दोगुना कराया बढ़ाने एवं अविलंब भुगतान पर पेनल्टी के आदेश के विरोध में व्यापारी महासंघ पटेरा के तत्वाधान में एक ज्ञापन समस्त व्यापारी बंधुओ के साथ कलेक्टर महोदय के नाम से तहसीलदार महोदय को सोपा गया। जिसमें शासन की नियमावली के अनुसार ही किराया बढ़ाने पेनल्टी समाप्त करने एवं किराया बढ़ोतरी को वापस लेने संबंधी उल्लेख किया गया तथा किराया वृद्धि वापस न लेने की स्थिति में उग्र आंदोलन एवं न्यायालय की शरण में जाने हेतु व्यापारी बंधु विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में अन्य सभी व्यापारियों की उपस्थिति रही।

## बोर्ड परीक्षाओं में कोई गड़बड़ी नहीं हुई-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू हुई थी और 25 मार्च तक पूरे एक महीने बाद परीक्षाएं समाप्त हुई है। मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी है कि शिक्षा विभाग की पूरी टीम, पटवारी जो कलेक्टर प्रतिनिधि हैं, सारे प्रेक्षक, पर्यवेक्षक, सारा अमला परीक्षा में लगा था, उन्होंने इस बार बहुत बढ़िया तरीके से परीक्षाओं का संचालन कराया और यही कारण है कि कहीं से भी कोई समस्या इस बार परीक्षाओं में नहीं आई । सबसे बड़ी बात यह है कि जो सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल एण्डस कमॉड सेंटर बनाया था, जिसमें 50 कर्मचारी बैठे और 3 घंटे लगातार उन्होंने मॉनीटरिंग की यह पूरे प्रदेश में एकमात्र व्यवस्था पहली बार लागू की गई और इस कारण से किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी परीक्षाओं में नहीं हुई। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एक सोशल मीडिया टीम जनसंपर्क अधिकारी के नेतृत्व बनाई गई थी, उसका काम था की कोई भी पेपर आउट होने की स्थिति निर्मित ना हो, समिति में पुलिस के अधिकारी थे, जनसंपर्क अधिकारी, इ-गवर्नेंस के अधिकारी, सब ने मिलकर के लगातार उसकी मॉनीटरिंग की। उन्होंने कहा इस दौरान एक परिवर्तन किया था की हर बार जो प्रेक्षक संबंधित स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्य ही बनते थे। इस बार वह व्यवस्था बदल दी गई थी और दूसरे विभाग के क्लास वन और क्लास टू अधिकारियों को प्रेक्षक बनाया था। इससे भी बहुत फर्क पड़ा और इन सब ने पूरी परीक्षाओं का निष्पक्ष रूप से परीक्षण और पर्यवेक्षण किया। कलेक्टर श्री कोचर ने परीक्षाएं बहुत शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न होने पर शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, अन्य विभागीय अधिकारियों- कर्मचारियों को और ई-गवर्नेंस की टीम को, आई टी टीम को सबको बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर सुधीर कुमार ने हाई स्कूल एण्डई हायर सेकंडरी परीक्षाओं के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को, इस कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों, प्रेक्षक, पर्यवेक्षक, केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष, फ्लाइंग स्क्वायड कमांड एण्ड् कंट्रोल के अधिकारी कर्मचारी सभी लोगों ने भरपूर निष्ठा से कार्य करने के लिये बधाई और धन्यवाद ज्ञापित किया है। कलेक्टर श्री कोचर में जिला कमांड इन कंट्रोल सेंटर में स्थापित सेंट्रलाइज्ड मॉनिटरिंग सिस्टम में कार्यरत सभी कर्मचारियों को विशेष तौर पर धन्यवाद देते हुए कहा है कि इनके बेहतर कार्य संपादन से जिले में कहीं भी नकल जैसी चीज सामने नहीं आई।

## टंकी ओवरफ्लो होने से व्यर्थ बहता रहा पानी

**बनवार।** जबेरा जंप की ग्राम पंचायत सगोड़ी गांव बनी पानी की टंकी आज ओवरफ्लो हो गई। जिससे काफी मात्रा में पानी व्यर्थ बह गया। ओवरफ्लो का पानी टंकी से सीसी सड़क तक बहता रहा और पानी की बर्बादी होती रही। लेकिन न तो से कोई कर्मचारी मौके पर पहुंचा न ही उधर दूसरी ओर जल निगम द्वारा लोगों को पेयजल की बर्बादी के लिए सलाह दी जा रही है। लेकिन खुद के कर्मचारियों टंकी के ओवरफ्लो से पानी व्यर्थ बह रहा है।जिसको रोकने की दिशा में काम नहीं कर पा रहे हैं।